आ गया हूं दर पे झुकाने को सर

आ गया हूं तेरे दर पे झुकाने को सर,
बजरंगी बाला जी अब तो ले लो खबर,
अपनी कृपा का दिखाओ मुझे भी असर,
बजरंगी बाला जी अब तो ले लो खबर....

महिमा का तेरी कैसे करूं बखान,
मंगलकारी चरणों में तेरे कोटि प्रणाम,
मुझ पे भी डालो दया की नजर,
राजीव पे भी डालो दया की नजर,
बजरंगी बाला जी अब तो ले लो खबर,
आ गया हूं तेरे दर पे झुकाने को सर.....

संकट जो हरता है वो तेरा है नाम,
सुख जहां मिलता है वो तेरा है धाम,
पीर हरो बाबा करो भक्तों की कदर,
बजरंगी बाला जी अब तो ले लो खबर,
आ गया हूं तेरे दर पे झुकाने को सर.....

©राजीव त्यागी नजफगढ़

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27982/title/aa-gaya-hoon-dar-pe-jhukane-ko-sar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |